इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज – 211 002, उ०प्र० (भारत)
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
Prayagraj - 211 002, U. P. (INDIA)

पत्रांकः ऐ.मै. / कार्या. / 7216 / 2024 दिनांकः 10.04.2024

सेवा में,

निदेशक
आई०सी०टी० सेल
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज।

महोदय जी,

कृपया निम्नलिखित निविदा सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड / प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

नीलामी सूचना

दिनांकः 10.04.2024

विश्वविद्यालय के कला संकाय परिसर स्थित FRC के भूतल स्थित हॉल में रखी हुई निष्प्रयोज्य सामग्रियों को ''जहाँ है जैसे है के आधार पर'' ("As where is basis") खुली बोली के माध्यम से नीलामी हेतु बैठक दिनांक **12.04.2024** अपरान्ह 02:00 बजे **FRC कार्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय** में आयोजित की जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोली दाता उपरोक्त स्थान पर आ कर निष्प्रयोज्य सामग्रियों का निरीक्षण कर के बोली में प्रतिभाग हेतु उक्त स्थान, तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किये जाते हैं।

नीलामी हेतु शर्ते एवं विवरण निम्नवत हैं–

1. नीलामी समिति द्वारा निविदा हेतु न्यूनतम बोली निम्नवत निर्धारित की गई है–
   (A). कागजी दस्तावेज / A4 –25 रू० / कि०ग्रा०
   (B). कम्प्यूटर प्रति 650 रू० /
   (C). फोटोकॉपियर प्रति 2500 रू० /
   (D). स्टेबिलाइजर प्रति 500 रू० /
   (E). बड़ा बाक्स प्रति 1000 रू० /
   (F). छोटा बाक्स प्रति 300 रू० /

10.4.2024

2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था को नीलामी से पहले आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।
3. नीलामी प्रक्रिया में अंतिम निर्णय नीलामी समिति का मान्य होगा। नीलामी की बोली संतोषजनक न होने की दशा में नीलामी प्रक्रिया पूर्णतः निरस्त करने का अधिकार समिति के पास होगा। इस सम्बन्ध में नीलामी बोली दाताओं का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
4. बोली स्वीकृत होने पर बोली दाता को सम्पूर्ण धनराशि वित्त अधिकारी कार्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में जमा कराने की जिम्मेदारी बोली दाता की होगी एवं 48 घंटे के अन्दर निष्प्रयोज्य सामग्रियों को अपने खर्चे पर विश्वविद्यालय परिसर से बाहर ले जाना होगा।
5. सभी प्रकार के कागज गलाकर लुग्दी बनाना होगा। ये प्रपत्र अतिगोपनीय हैं, बोली दाता को सुनिश्चित करना होगा की यह प्रपत्र दूसरों के हाथ में न जाए।
6. अधिकतम बोली दाता को रू० 25000/– अथवा बोली मूल्य का 10 प्रतिशत (जो भी अधिक होगा) तत्काल जमा करना होगा।

10.4.2024 10/04/2024

अध्यक्ष, नीलामी समिति

संयोजक, नीलामी समिति

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. कुलसचिव, इ०वि०वि०।
2. कुलानुशासक, इ०वि०वि०।
3. परीक्षा नियंत्रक, इ०वि०वि०।
4. वित्त अधिकारी, इ०वि०वि०।
5. विश्वविद्यालय पी०आर०ओ० को इस निवेदन के साथ प्रेषित की सम्बन्धित निविदा सूचना को विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
6. माननीय कुलपति महोदया के सचिव को माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
7. जिलाधिकारी कार्यालय, प्रयागराज नोटिस बोर्ड।
8. पी०एच०क्यू०, नोटिस बोर्ड।
9. लोक सेवा आयोग नोटिस बोर्ड।
10. कर्मचारी चयन आयोग, प्रयागराज।
11. पी०डब्लू०डी० नोटिस बोर्ड।

10/04/2024

संयोजक, नीलामी समिति